**ओ.एस.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल,कैथल**

**अर्ध वार्षिक परीक्षा**

**कक्षा - छठी**

**विषय-हिंदी**

**SET-A**

**समय: 2:30 घंटे** **कुलांक -60**

**सामान्य निर्देश :**

I. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

II. **उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए , जो प्रश्न पत्र में दी गई है |**

III. **लेख सुंदर व स्पष्ट लिखें |**

| Q.No | | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**<br>पेड़ों की शाखाओं को इसलिए छाँट दिया जाता है कि नए -नए पत्ते , बड़े - बड़े पुष्प और फल खूब लगें। इसी प्रकार मनुष्य को भी मन के आस-पास खुदाई करते रहना चाहिए, ताकि अपने जीवनरूपी वृक्ष की सेवा की जा सके। विपतियों से घबराएँ नहीं, उन्हें भी भगवान की कृपा मानकर स्वीकार करें। यदि दुर्घटना में किसी का एक हाथ ही रह जाता है,तो उसे ईश्वर के प्रति यह सोचकर कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए कि ईश्वर ने कम -से - कम उसका जीवन तो बचा दिया। जब आप यह मानते हैं कि बिना भगवान ने कम-से-कम उसका जीवन तो बचा दिया। जब आप यह मानते हैं कि बिना भगवान की इच्छा के कुछ भी घटित नहीं होता, तो फिर जो घटित होता है उसका भी कुछ न कुछ महत्त्व अवश्य होता है। आप अपने घर में लगी किसी लता की उपेक्षा करते रहते हैं, परंतु यदि कोई आकर आपको बता दे कि यह जड़ी तो साँप के काटने पर जहर निकालने की अचूक दवा है,तब तो अवश्य ही आप उस लता के चारों ओर सुरक्षा घेरा खड़ा कर देंगे तथा बच्चों और किसी जानवर को उसके समीप जाने नहीं देंगे कि कहीं वे फूल, पत्ती को नुकसान न पहुँचाएँ। जब आपको यह ज्ञान हो जाता है कि भगवान ही इस विश्व के मूल कारण तथा आदि-स्रोत है. तो फिर आप प्रत्येक से विनम्रता और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने लगते हैं। यह मार्ग आपको सुगमता से और शीघ्रता से भगवान तक पहुँचा देगा।<br>1. विश्व का मूल कारण कौन है ?<br>2. पेड़ों की शाखाएँ क्यों काट दी जाती है?<br>3. विपत्ति आने पर कैसा व्यवहार करना चाहिए?<br>4. उपर्युक्त गद्यांश में से कोई दो भाववाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए। | 1x4=4 |
| प्रश्न2. | **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>I.'शिष्य' तथा 'हाथी ' का **स्त्रीलिंग** शब्द लिखिए \|<br>II.'छात्रा ' तथा 'अध्यापक' का **बहुवचन** शब्द लिखिए \|<br>III. 'उचित' तथा 'उधार' का **विपरीत शब्द** लिखिए \|<br>IV. **'र'** के सही रूप का प्रयोग करें – टक , वष | 1x4=4 |
| प्रश्न3. | I. 'पहुच' तथा 'चिता' शब्दों में सही स्थान पर **अनुस्वार** या **अनुनासिक** लगाइए \|<br>II. **दिए गए वाक्यों के लिए उचित विशेषण लगाइए** –<br>क)मुझे __________कपड़ा चाहिए।<br>ख) अशोक एक _________ राजा है।<br>III. **दिए गए वाक्यों को सर्वनाम शब्दों की सहायता से पूरा कीजिए –**<br>क) ---------एक पेंसिल चाहिए।<br>ख) -----------बैडमिंटन खेलेंगे\| | 1x4=4 |

IV**. दिए गए वाक्यों में उचित  काल लिखिए** –

(क) नेताजी ने भाषण दिया।

(ख) वर्षा हो रही है।

**प्रश्न4.** **2x5=10**

I'आकाश ' और 'पृथ्वी ' के दो-दो **पर्यायवाची शब्द** लिखिए |

II **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए** –

क) जो कभी न मरे-

ख)  जो चित्र बनाता हो-

III **दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ** -

हाथ साफ करना, नाक में दम करना

**IV दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करें-**

क) हमें अपने माता पिता का कहना मानना चाहिए

ख)  वाह तुम कितना सुंदर चित्र बना रहे हो

V **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ के साथ मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| बौद्धिक | पंद्रह दिन |
| पखवाड़ा | बुद्धि  संबंधी |
| कुल | आसपास का वातावरण |
| परिवेश | वंश |

**प्रश्न 5.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1x4=4**

गोपाल की दादी माँ ने चावल के आटे से फर्श पर बहुत सुंदर-सुंदर आकृतियाँ बनाई। गोपाल ने दादी से पूछा, "दादी यह क्या है?" दादी ने उसे प्यार से बताया कि इसे 'कोलम्' कहते हैं। यह 'कोलम्' नई फसल के चावल से बनाया जाता है इसलिए इसका विशेष महत्त्व है। अगले दिन सुबह गोपाल नहा धोकर, नए कपड़े पहनकर तैयार हो गया। उसने देखा कि द्वार के ठीक बाहर बहुत बड़ा और बहुत सुंदर 'कोलम्' बना था। पोंगल पर विशेष रूप से सूर्य की ही पूजा-अर्चना की जाती है। कुछ देर बाद गोपाल को रसोईघर से भीनी-भीनी सुगंध आने लगी। चूल्हे पर नए बर्तन में 'शर्करइ पोंगल' पकाया जा रहा था। यह 'शर्करइ पोंगल' दूध, गुड़ और चावल से बनाया जाता है। सूर्य की पूजा करने के बाद गोपाल ने बड़े चाव से 'शर्करइ पोंगल' खाया।

I. 'कोलम' क्या है?

II. पोंगल पर किसकी पूजा की जाती है?

III. शर्करइ पोंगल किससे बनाया जाता है?

IV. दिए गए प्रभाव को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए कारण लिखिए ?

| कारण | प्रभाव |
|---|---|
| क्योंकि | गोपाल को रसोईघर से भीनी भीनी सुगंध आने लगी। |

**प्रश्न 6.** **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **1x4=4**

एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया,
एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा.
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत,
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत,
साथी हाथ बढ़ाना।

I विशाल समुद्र का निर्माण कैसे होता है ?

(क) एक - एक कण मिलकर (ख)एक-एक बूँद मिलकर

(ग) एक - एक राई मिलकर (घ)इनमें से कोई नहीं

| | | |
|---|---|---|
| | II कवि के अनुसार आपस में मिलकर हम क्या कर सकते हैं ?<br>क) समस्याओं का हल (ख)भाग्य को काबू में<br>ग ) नए साधनों का निर्माण (घ) अच्छी तरह पढ़ाई<br><br>III दिए गए विकल्पों में से इंसाँ शब्द के पर्यायवाची कौन से हैं-<br>(क)अश्व तुरग (ख) कर, हस्ती<br>(ग) मानव, जन (घ) बच्चा, बालक<br><br>IV प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं-<br>(क) साहिर लुधियानवी (ख) विनोद चंद्र पांडे<br>(ग) महादेवी वर्मा। (ख) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' | |
| **प्रश्न7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए –**<br>I. पाठ चिट्ठी के अक्षर में संपादक का नाम बताइए?<br>II. सत्यपाल के मित्र का क्या नाम था?<br>III. 'अनोखा वरदान ' पाठ में सबसे बुद्धिमान कौन सा नौजवान था ?<br>IV. सुंदरलाल अपनी बी.ए. की परीक्षा के लिए कहाँ जा रहे थे?<br>V. दादाजी ने हाथ हिलाते हुए किसे वापस बुलाया ? | **1x5=5** |
| **प्रश्न8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए –**<br>1 नजानू क्या बनना चाहता था? क्या उसकी इच्छा पूरी हुई?<br>2 तरुवर और सरोवर की क्या विशेषता है ?<br>3 बरसात होने पर आप क्या-क्या करते हैं ?<br>4 यदि महिपाल सिंह अपना दायाँ हाथ खोने के बाद निराश हो जाते तो क्या होता?<br>5 राजा भेज बदलकर क्यों घूमता था ? | **2x5=10** |
| **प्रश्9.** | आपके स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होने जा रही है- इससे संबंधित सूचना लिखिए \| | **3** |
| **प्रश्न10.** | सिर पर चोट लगने के कारण तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए \|<br>अथवा<br>अपनी छोटी बहन को कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें। | **4** |
| **प्रश्न11.** | निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए –<br>समय का सदुपयोग , रक्षाबंधन | **4** |
| **प्रश्न12.** | नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और चित्र पर आधारित चार से पाँच पंक्तियाँ लिखिए -<br> | **4** |

**ओ.एस.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल,कैथल**
**अर्ध वार्षिक परीक्षा**
**कक्षा - छठी**
**विषय-हिंदी**

**SET-B**

**समय: 2:30 घंटे** **कुलांक -60**

**सामान्य निर्देश :**

I. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
II. **उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए , जो प्रश्न पत्र में दी गई है |**
III. **लेख सुंदर व स्पष्ट लिखें |**

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**<br>हमारे देश में एक ऐसा भी युग था, जब नैतिक और आध्यात्मिक विकास ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य माना जाता था। अहिंसा की भावना सबसे ऊपर थी। आज पूरा जीवन-दर्शन ही बदल गया है। सब जगह पैसे की हाय-हाय तथा धन को कमाना ही मुख्य लक्ष्य हो गया है, भले ही धन कमाने के तरीके गलत क्यों न हों? इन सबका असर मनुष्य के प्रतिदिन के जीवन पर पड़ रहा है। समाज का वातावरण दूषित हो गया है, बाह्य वातावरण तो दूषित है ही। आज सब जानते हैं कि पर्यावरण की समस्याएँ कितनी चिंतनीय हो उठी है। इन सबके कारण मानसिक और शारीरिक तनाव-खिंचाव और बीमारियाँ पैदा हो रही हैं। पर्यावरण की समस्याओं के कारण मानव-समाज ही नहीं, बल्कि समस्त प्राणियों के सामने जीवन-मरण की भयानक समस्या खड़ी हो गई है। बदलते हुए जीवन-दर्शन के प्रभाव से ही हमारा जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।<br><br>I. वर्तमान जीवन-दर्शन में क्या परिवर्तन आया है?<br>II. हमारा जीवन किसके प्रभाव से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है?<br>III. सबसे ऊपर किसकी भावना है?<br>IV. उपर्युक्त गद्यांश में से कोई दो जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए। | **1x4=4** |
| **प्रश्न2.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>I. 'छात्र' तथा 'विद्वान ' का **स्त्रीलिंग शब्द** लिखिए \|<br>II. 'कवि ' तथा 'माला' का **बहुवचन शब्द** लिखिए \|<br>III. 'आरंभ' तथा 'पाप' का **विपरीत शब्द** लिखिए \|<br>IV. **'र'** के सही रूप का प्रयोग करें – डम, वषा | **1x4=4** |
| **प्रश्न3.** | I. 'परतु' तथा 'हसना' शब्दों में सही स्थान पर **अनुस्वार या अनुनासिक** लगाइए \|<br>II **दिए गए वाक्य में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए –**<br>(क) मुझे एक किलो चीनी चाहिए।<br>(ख) तितलियां रंग -बिरंगी हैं।<br>III **दिए गए वाक्यों को सर्वनाम शब्दों की सहायता से पूरा कीजिए –**<br>(क) -----------एक सेब चाहिए।<br>(ख)-----------क्रिकेट खेलेंगे\|<br>IV **दिए गए वाक्यों में उचित काल लिखिए –**<br>(क) मैंने आम खाया।<br>(ख) राहुल बाजार जा रहा है। | **1x4=4** |
| **प्रश्न4.** | I 'समुद्र ' और 'विद्यालय ' के दो-दो **पर्यायवाची शब्द** लिखिए \|<br>II **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए –**<br>(क) जो कभी बूढ़ा न हो ।<br>(ख) जो कविता लिखता हो। | **2x5=10** |

| | | |
|---|---|---|
| | III **दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखिए -**<br>सकते में आना , हाथ मलना<br>IV **दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करें**-<br>(क) वाह तुमने तो बहुत सुंदर चित्र बनाया है<br>(ख) मैं रोज देश विदेश की खबरें सुनती हूँ<br>V **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ के साथ मिलान कीजिए**<br>बौद्धिक — पंद्रह दिन<br>पखवाड़ा — बुद्धि संबंधी<br>कुल — आसपास का वातावरण<br>परिवेश — वंश | |
| **प्रश्न 5.** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**- | **1x4=4** |
| | गोपाल यह जानने के लिए उत्सुक था कि पोंगल का त्योहार किस प्रकार मनाया जाता है। वह बचपन में मनाए गए 'पोंगल' त्योहार को याद करने लगा। 'पार्वती' गाय उसे आज भी याद थी। दादी माँ पोंगल के दिन उसे सजाती, सँवारती थी। इसी दिन गाँव के बैलों को भी भव्य रूप में सजाया जाता और गली-कूचों में उनका जुलूस निकाला जाता।दो दिन बाद ही उसे पिताजी ने बताया कि वे सब एक महीने के लिए भारत जा रहे हैं। यह सुनते ही गोपाल खुशी से नाच उठा। गोपाल अपने माता-पिता के साथ पोंगल से एक दिन पहले अपने गाँव पहुँचा। वहाँ सभी घरों में सफ़ेदी हो रही थी, क्योंकि अगले दिन पोंगल था। पोंगल से पहले सारी रात पुरानी वस्तुओं की होली-सी जलाते हैं। इसी दौरान ढोल आदि भी बजाए जाते हैं। यह सब उसे दादी माँ ने बताया था। उसे बताया गया था कि ढोल को तमिल में 'बोगी कोट्टू' कहते हैं। 'बोगी' ऋतुओं के राजा इंद्र को समर्पित है। इंद्र नई ऋतुओं के आगमन की घोषणा करते हैं।<br><br>I गोपाल गाँव कब पहुँचा?<br>II गोपाल क्या जानना चाहता था?<br>III इंद्र किसकी घोषणा करते हैं ?<br>IV दिए गए प्रभाव को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए कारण लिखिए ?<br>कारण: क्योंकि — प्रभाव: गोपाल खुशी से नाच उठा। | |
| **प्रश्न 6.** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** | **1x4=4** |
| | हम मेहनत वालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया ,<br>सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया,<br>फौलादी हैं सीने अपने, फौलादी हैं बाँहें,<br>हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दे राहें।<br>I पर्वत ने किसके सामने सिर झुकाया है ?<br>क) मेहनती व्यक्तियों के सामने ख) कायर लोगों के सामने<br>ग) स्वार्थी लोगों के सामने घ) इनमें से कोई नहीं<br>II मेहनत करने वालों के लिए रास्ता किसने छोड़ा है?<br>क)आकाश ने ख) पर्वत ने<br>ग) समुद्र ने घ) नदी ने<br>III प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं-<br>(क) साहिर लुधियानवी ख) विनोद चंद्र पांडे<br>(ग) महादेवी वर्मा। घ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'<br>IV इनमें से कौन सा शब्द पर्वत का पर्यायवाची नहीं है?<br>क) पहाड़ ख) भूधर<br>ग) अचला घ) गिरि | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए –**<br>1 पाठ चिट्ठी के अक्षर में लेखक का नाम बताइए?<br>2 सत्यपाल और चंचल की बातें कौन सुन रहा था ?<br>3 'अनोखा वरदान ' पाठ में डाकू किस पर हाथ साफ करना चाहते थे ?<br>4 सुंदरलाल पेड़ पौधों को किसके समान मानता था ?<br>5 हिमपात कहाँ होता है? | **1×5=5** |
| **प्रश्न8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए**<br>I. रहीम ने अपने मन की बात मन में रखने के लिए क्यों कहा है?<br>II. पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए क्या करना चाहिए ?<br>III. महिपाल सिंह द्वारा छापी गई साप्ताहिक समाचार पत्र में क्या-क्या छपता था?<br>IV. राजा ने अपनी जान बचाने वाले नौजवानों का धन्यवाद कैसे किया ?<br>V. सत्यपाल क्या बेचता था और क्यों? | **2x5=10** |
| **प्रश्न9.** | आपके स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता होने जा रही है- इससे संबंधित सूचना लिखिए। | **3** |
| **प्रश्न10.** | सिर पर चोट लगने के कारण दो दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए \|<br>अथवा<br>अपनी छोटी बहन को परिश्रम का महत्तव बताते हुए पत्र लिखें। | **4** |
| **प्रश्न11.** | निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए –<br>रक्षाबंधन, समय का सदुपयोग | **4** |
| **प्रश्न12.** | नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और चित्र आधारित चार से पाँच पंक्तियाँ लिखिए -<br> | **4** |

O.S. D .A.V.Public S... aithal
September Exam (20...
Subject : HINDI (A)
Class : VI
Time:- 2 hrs.45 min. M.M.:- 60

सामान्य निर्देश :

I. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
II. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए , जो प्रश्न पत्र में दी गई है |
III. लेख सुंदर व स्पष्ट लिखें |

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**<br>I) विश्व का मूल कारण भगवान है ।<br>II) पेड़ों की शाखाएँ इसलिए काट दी जाती है क्योंकि नए -नए पत्ते , बड़े - बड़े पुष्प और फल खूब लगें।<br>III) विपत्ति आने पर घबराना नहीं चाहिए।<br>IV) कृतज्ञता /शीघ्रता/ सुगमता/खुदाई/विनम्रता | 1x4=4 |
| प्रश्न2. | **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>I 'शिष्या' तथा 'हथिनी '<br>II'छात्राएँ ' तथा 'अध्यापकगण'<br>III 'अनुचित' तथा 'नकद'<br>IV ट्रक , वर्ष | 1x4=4 |
| प्रश्न3. | I 'पहुँच' तथा 'चिंता'<br>II **दिए गए शब्दों के लिए उचित विशेषण लगाइए** –<br>क)मुझे **एक /पाँच मीटर,नया/पुराना** कपड़ा चाहिए।<br>ख) अशोक एक **चालाक/बुद्धिमान /समझदार** राजा है।<br>III **दिए गए वाक्यों को सर्वनाम शब्दों की सहायता से पूरा कीजिए –**<br>क) **मुझे/हमें उसे/ उन्हें** एक पेंसिल चाहिए।<br>ख) **हम/वे** बैडमिंटन खेलेंगे\|<br>IV **दिए गए वाक्यों में उचित काल लिखिए –**<br>(क) नेताजी ने भाषण दिया। **भूतकाल**<br>(ख) वर्षा हो रही है। **वर्तमान काल** | 1x4=4 |
| प्रश्न4. | Iआकाश - **नभ, गगन, आसमान,अंबर** और पृथ्वी - **भूमि, धरा, जमीन,भू,धरती**<br>II **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए –**<br>क) जो कभी न मरे- **अमर**<br>ख) जो चित्र बनाता हो- **चित्रकार**<br>**III दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ**<br>हाथ साफ करना-**चोरी करना**, नाक में दम करना -**तंग करना**<br>**बच्चे वाक्य अपनी योग्यतानुसार लिखेंगे।**<br>**IV दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करें-**<br>क) हमें अपने माता- पिता का कहना मानना चाहिए**।**<br>ख) वाह**!** तुम कितना सुंदर चित्र बना रहे हो**।**<br>V **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ के साथ मिलान कीजिए-**<br>**बौद्धिक — बुद्धि संबंधी**<br>**पखवाड़ा — पंद्रह दिन**<br>**कुल — वंश**<br>**परिवेश — आसपास का वातावरण** | 2x5=10 |
| प्रश्न 5. | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | 1x4=4 |
| | I चावल के आटे से फर्श पर सुंदर-सुंदर आकृतियाँ बनाई जाती है,उसे कलम कहते हैं | |

| | | |
|---|---|---|
| | II पोंगल पर सूर्य की पूजा की जाती है।<br>III शर्करइ पोंगल दूध गुड़ और चावल से बनाया जाता है।<br>III दिए गए प्रभावको ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए कारण लिखिए?<br>**कारण** — क्योंकि चूल्हे पर नए बर्तन में शर्करइ पोंगल पकाया जा रहा था।<br>**प्रभाव** — गोपाल को रसोईघर से भीनी भीनी सुगंध आने लगी। | |
| प्रश्न 6. | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** | 1x4=4 |
| | I (ख) एक-एक बूँद मिलकर<br>II (ख) भाग्य को काबू में<br>III (ग) मानव, जन<br>IV(क) साहिर लुधियानवी | |
| प्रश्न7. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए –<br>I पाठ चिट्ठी के अक्षर में संपादक का नाम महिपाल सिंह था।<br>II सत्यपाल के मित्र का नाम चंचल था।<br>III 'अनोखा वरदान ' पाठ में सबसे बुद्धिमान छठा नौजवान था।<br>IV सुंदरलाल अपनी बी.ए. की परीक्षा के लिए नैनीताल जा रहे थे।<br>V दादाजी ने हाथ खिलाते हुए बच्चों को वापस बुलाया। | 1x5=5 |
| प्रश्न8. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए –<br>1. नजानू कवि/ चित्रकार/ कलाकार बनना चाहता था । हाँ, उसकी यह इच्छा पूरी हुई ।<br>2. तरुवर अपने फल खुद नहीं खाते और सरोवर अपना पानी ख़ुद नहीं पीते हैं अर्थात् ये दोनों ही परोपकारी हैं ।<br>3. क) बरसात होने पर हम सुहावने मौसम का आनंद लेते हैं ।<br>ख)गरम चाय और पकौड़े खाते हैं ।<br>ग)हर प्रकार की मस्ती जैसे नहाना,खेलना नाचना आदि करते हैं।<br>घ) बारिश के पानी में काग़ज़ की नाव बनाकर चलाते हैं ।<br>4. यदि महिपाल सिंह अपना दायाँ हाथ खोने के बाद निराश हो जाते तो वे बाएँ हाथ से लिखने का अभ्यास न कर पाते और न ही उनकी लिखावट सुंदर हो पाती। साथ ही वे अख़बार के संपादक भी न बन पाते ।<br>5. अपनी प्रजा का हाल-चाल जानने के लिए राजा भेस बदलकर घूमता था । | 2x5=10 |
| प्रश्न9. | संवाद<br>विषय वस्तु<br>कम शब्दों में सूचना<br>भाषायी शुद्धता | 3 |
| प्रश्न10. | सेवा में<br>श्रीमती प्रधानाचार्या जी<br>ओ.एस.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल<br>कैथल<br>तिथि: 11 सितंबर, 2023<br>विषय: तीन दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र<br>श्रीमती जी<br>सविनय निवेदन यह है कि ------------------------------------------------------------------------<br>------------------------------------------------------------------------------------------------<br>------------------------------------------------------------------------------------------------<br>--------------------------।<br>आपका आज्ञाकारी शिष्य /शिष्या<br>नाम-<br>कक्षा-<br>रोल नंबर - | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | परीक्षा भवन<br>कैथल<br>तिथि: 11सितंबर,2024<br>प्रिय मित्र<br>सप्रेम नमस्ते<br>मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ -------------------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------------------------------<br>---------------------------------।<br>तुम्हारा मित्र<br>-------------- | |
| प्रश्न11. | अनुच्छेद<br>विषय वस्तु<br>भाषायी  शुद्धता | 4 |
| प्रश्न12. | नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और चित्र आधारित चार से पाँच पंक्तियाँ लिखिए -<br><br>बच्चे अपनी योग्यतानुसार वाक्य लिखेंगे। | 4 |

O.S. D .A.V.Public School, Kaithal
September Exam (2022-23)
Subject : HINDI (B)
Class : VI

Time:- 2 hrs.45 min. M.M.:- 60

सामान्य निर्देश :

I. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
II. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए , जो प्रश्न पत्र में दी गई है |
III. लेख सुंदर व स्पष्ट लिखें |

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** –<br>I. वर्तमान जीवन-दर्शन में सब जगह पैसे की हाय-हाय तथा धन को कामना ही मुख्य लक्ष्य हो गया है।<br>II बच्चों के अनुमानानुसार<br>III सबसे ऊपर अहिंसा की भावना है।<br>IV मानव /समस्या /मनुष्य/बीमारी /युग/ देश | 1x4=4 |
| प्रश्न2. | **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए** –<br>I'छात्रा' तथा 'विदुषी'<br>II'कविगण' तथा 'मालाएँ'<br>III 'अंत' तथा 'पुण्य'<br>IV ड्रम, वर्षा | 1x4=4 |
| प्रश्न3. | I 'परंतु' तथा 'हँसना'<br>II **दिए गए वाक्य में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए** –<br>(क) मुझे **एक किलो** चीनी चाहिए।<br>(ख) तितलियां **रंग -बिरंगी** हैं।<br>**III दिए गए वाक्यों को सर्वनाम शब्दों की सहायता से पूरा कीजिए** –<br>(क) **उसे/मुझे/ हमें**एक सेब चाहिए।<br>(ख) **हम/वे** क्रिकेट खेलेंगे|<br>**IVदिए गए वाक्यों में उचित काल लिखिए** –<br>(क) मैंने आम खाया। **भूतकाल**<br>(ख) राहुल बाजार जा रहा है। **वर्तमान काल** | 1x4=4 |
| प्रश्न4. | I समुद्र - **सिंधु ,सागर ,अर्णव ,पयोधि** और विद्यालय - स्कूल, पाठशाला, शिक्षा<br>II **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए** –<br>(क) जो कभी बूढ़ा न हो - **अजर**<br>(ख) जो कविता लिखता हो। **कवि**<br>III दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखिए -<br>सकते में आना-**हैरान होना/घबरा जाना**, हाथ मलना -**पछताना**<br>**बच्चे अपनी योग्यतानुसार लिखेंगे।**<br>IV **दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करें**-<br>(क) वाह! तुमने तो बहुत सुंदर चित्र बनाया है।<br>(ख) मैं रोज देश -विदेश की खबरें सुनती हूँ।<br>V **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ के साथ मिलान कीजिए**<br>**बौद्धिक** — **बुद्धि संबंधी**<br>**पखवाड़ा** — **पंद्रह दिन**<br>**परिवेश** — **आसपास का वातावरण**<br>**कुल** — **वंश** | 2x5=10 |
| प्रश्न 5. | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | 1x4=4 |
| | I गोपाल पोंगल से एक दिन पहले अपने गाँव पहुँचे थे। | |

<table>
<tr><td></td><td>II --------कि पोंगल का त्योहार किस प्रकार मनाया जाता है।<br>III इंद्र नई ऋतुओं के आगमन की घोषणा करते हैं ।<br>IV दिए गए प्रभाव को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए कारण लिखिए ?<table><tr><th>कारण</th><th>प्रभाव</th></tr><tr><td>क्योंकि वह भारत जा रहा था ।/दादी से मिलने जा रहा था। /पोंगल का त्योहार मनाने के लिए उत्सुक था।</td><td>गोपाल खुशी से नाच उठा।</td></tr></table></td><td></td></tr>
<tr><td>प्रश्न 6.</td><td>निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -</td><td>1x4=4</td></tr>
<tr><td></td><td>I (क) मेहनती व्यक्तियों के सामने<br>II (ग) समुद्र ने<br>III (क) साहिर लुधियानवी<br>IV (ग) अचला</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रश्न7.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए –<br>1 पाठ चिट्ठी के अक्षर में लेखक अखिलेश शर्मा था।<br>2 सत्यपाल और चंचल की बातें शिक्षक/अध्यापक सुन रहे थे।<br>3 'अनोखा वरदान ' पाठ में डाकू राजा के घोड़े पर हाथ साफ करना चाहते थे ।<br>4 सुंदरलाल पेड़ पौधों को माता पिता के समान /परिवार के सदस्य के समान/ शरीर के अंगों के समान मानता था।<br>5 हिमपात पहाड़ों पर होता है।</td><td>1×5=5</td></tr>
<tr><td>प्रश्न8.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए<br>I रहीम ने अपने मन के दुख को अपने मन में ही रखने के लिए इसलिए कहा है क्योंकि दूसरों को अपने मन का दुख बताने पर वे उसे बाँटते नहीं हैं बल्कि वे हमारा मज़ाक ही उड़ाते हैं ।<br>II क) पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ।<br>ख) प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर देना चाहिए ।<br>ग) प्रदूषण कम करना चाहिए ।<br>घ) हम अपने आस -पास सफ़ाई रखनी चाहिए ।<br>ड) बिजली व पानी को बचाना चाहिए ।<br>III महिपाल सिंह द्वारा छापे गए साप्ताहिक समाचार पत्र में कहानियाँ ,कविताएँ, किसानों से जुड़ी जानकारी आदि छपती थीं ।<br>IV राजा ने अपनी जान वाले नौजवानों का धन्यवाद उन्हें उनका मनचाहा पुरस्कार / वरदान पूरी करके किया ।<br>V सत्यपाल अख़बार बेचता था क्योंकि उसके घर कमाने वाला कोई नहीं था और उस पर अपनी बूढ़ी दादी व छोटी बहन की ज़िम्मेदारी भी थी ।</td><td>2x5=10</td></tr>
<tr><td>प्रश्न9.</td><td>संवाद<br>विषय वस्तु<br>कम शब्दों में सूचना<br>भाषायी शुद्धता</td><td>3</td></tr>
<tr><td>प्रश्न10.</td><td>सेवा में<br>श्रीमती प्रधानाचार्या जी<br>ओ.एस.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल<br>कैथल<br>तिथि: 11 सितंबर, 2023<br>विषय: तीन दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र<br>श्रीमती जी<br>सविनय निवेदन यह है कि --------------------------------------------------------------------------------<br>-------------------------------------------------------------------------------------------------------</td><td>4</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | --------------------------------------------------------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------।<br>आपका आज्ञाकारी शिष्य /शिष्या<br>नाम-<br>कक्षा-<br>रोल नंबर -<br><br><br>परीक्षा भवन<br>कैथल<br>तिथि: 11सितंबर,2024<br>प्रिय मित्र<br>सप्रेम नमस्ते<br>मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ -------------------------------------------------------------------------------<br>--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------<br>--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------।<br>तुम्हारा मित्र<br>-------------- | |
| प्रश्न11. | अनुच्छेद<br>विषय वस्तु<br>भाषायी शुद्धता | 4 |
| प्रश्न12. | नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और चित्र आधारित चार से पाँच पंक्तियाँ लिखिए -<br>बच्चे अपनी योग्यतानुसार वाक्य लिखेंगे।<br><br>**बच्चे अपनी योग्यतानुसार वाक्य लिखेंगे।** | 4 |